प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

तिथि : 03.10.2024 समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर 7 दिसंबर से पहले होंगे उपचुनाव : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुरू की विधानसभावार समीक्षा बैठक।
2. प्रदेश के हर मंडल में होंगे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो जैसे आयोजन : ग्रेटर नोएडा, वाराणसी, बरेली, लखनऊ और आगरा से होगी शुरूआत।
3. अयोध्या में श्री रामजन्मभूमि मंदिर के शिखर का निर्माण कार्य आज से शुरू : चार महीने में बनकर तैयार होगा 161 फिट ऊंचा शिखर।
4. शारदीय नवरात्र के पहले दिन शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु : विन्ध्याचल धाम में शुरू हुआ मेला।

——————

प्रदेश में 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव 7 दिसंबर से पहले सम्पन्न कराए जाएंगे। अयोध्या में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने उपचुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिये अधिकारियों के साथ एक बैठक की। उन्होंने बताया कि चुनाव से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि 7 दिसम्बर से पहले रिक्त सीटों पर चुनाव कराना आवश्यक है, इसलिए भारत निर्वाचन आयोग जल्दी ही तिथियों की घोषणा कर सकता है।

*चुनाव की पूरी तैयारियां हो चुकी है। मशीनें हमारी तैयार है उनकी चेकिंग वगैरह कर ली गयी और आरओ की ट्रेनिंग हमने दे दी है और पोलिंग स्टेशन सब तैयार है। अब केवल हम इंतजार कर रहे हैं भारत निर्वाचन आयोग जब चुनाव कार्यक्रम घोषित करेगा। हम एक्सेप्ट कर रहे हैं की बड़ी ही जल्दी कार्यक्रम घोषित होगा क्योंकि सात दिसंबर से पहले पहले ये जो रिक्त हुई हैं सीटें वो भरी जानी है।*

——————

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर प्रदेश के हर मंडल में इस तरह के आयोजन किये जायेंगे। 5 मंडलों ग्रेटर नोएडा, वाराणसी, लखनऊ, बरेली और आगरा में इन शो के आयोजन की तैयारी की जा रही है। प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने आज लखनऊ में कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो को लोगों ने काफी पसंद किया। बाइट............

*छोटे–छोटे जो हमारे प्रोडक्ट बनाने वाले थे ओडीओपी के लोग थे उनको इतना उत्साह रहा इस कार्यक्रम में निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में इस कार्यक्रम के द्वारा उत्तर प्रदेश की पहचान होगी और हमारे जो हस्तशिल्पी है एसएसएमई है इसके उत्पाद को एक बड़ा बाजार हमारी सरकार ने दिया है जिससे हमारी वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी जो माननीय मुख्यमंत्री जी का सपना है इसमें भी हमें सफलता मिलेगी। इस तरह के ट्रेड शो मंडल स्तर पर करे हम उस पर भी कार्य योजना बना रहे हैं।*

इस वर्ष करीब सवा चार लाख प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 48 दशमलव 9 1 प्रतिशत अधिक है। श्री सचान ने कहा कि इस आयोजन ने प्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का अवसर दिया है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति मिली है।

---------

लखनऊ के आलमबाग बस अड्डे पर लगी टीवी स्क्रीन पर अब बसों की लाइव लोकेशन नजर आयेगी। इस सुविधा की शुरूआत आज से की जा रही है। इसकी निगरानी के लिये मुख्यालय और क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय पर कमांड सेंटर बनाये गये है। वहीं से बस अड्डे पर लगी स्क्रीन पर बसों की लोकेशन भेजी जायेगीं परिवहन निगम के अधिकारियों ने बताया कि बसों की लाइव लोकेशन के लिये प्रदेश के सौ बस स्टेशनों पर स्क्रीन लगाई गई है। इनमें 91 पर लाइव लोकेशन मिलनी शुरू हो गई है। क्षेत्रीय प्रबंधक आर.के. त्रिपाठी ने बताया कि लखनऊ से आलमबाग बस टर्मिनल और अवध बस स्टेशन पर इसकी सहूलियत मिलेगी। वहीं रोडवेज बसों में एडवांस और तत्काल में सीटों की बुकिंग के लिये राही ऐप पर सुविधा शुरू की गई है। यात्री मार्गदर्शन ऐप पर बस नम्बर डालकर लोकेशन ले सकेंगे।

---------

अयोध्या में आज से श्री राम मंदिर के शिखर के निर्माण का काम शुरू हो गया। 161 फीट ऊंचाई वाले शिखर का निर्माण चार महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। निर्माणकार्य में तेज़ी लाने और आगे की रणनीति बनाने के लिए मंदिर निर्माण समिति तीन दिन की समीक्षा बैठक कर रही है। समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि परिसर में बन रहे सप्त मंदिर के निर्माण में भी अब तेजी आ गई है। इसके अलावा मंदिर के सारे बचे हुए काम भी अगले चार महीने में पूरे कर लिए जाएंगे।

*मंदिर के सभी निर्माण कार्य जिसे पूर्ण होना है आगे आने वाले चार महीने में उन सब पर कार्य चल रहा है। सात ऋषियों मुनियों के मंदिर हैं उन कार्य में अब तेजी आ गयी है और हम आशा करते हैं कि आने वाले चार माह में उसका मार्ग प्रशस्त हो जाएगा।*

---------

नवरात्र और इजराइल—ईरान के बीच तनाव को लेकर पूरे लखनऊ में पुलिस विशेष सतर्कता बरत रही है। जुमे की नमाज को लेकर भी पुलिस अलर्ट है। मंदिरों और रामलीला स्थलों के आसपास पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। जुमे की नमाज पर पुराने लखनऊ की 61 मस्जिदों के आसपास अर्द्धसैनिक बल और बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। वहीं सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर निगरानी रखी जा रही है।

---------

आज से शुरू हुए शारदीय नवरात्र के पहले दिन सुबह से ही प्रदेश के शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड रही है। नवरात्र के पहले दिन मां भगवती के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री की आराधना की जा रही है। प्रसिद्ध शक्तिपीठ विन्ध्याचल के माता

विन्ध्यवासिनी देवी मंदिर में कल रात से ही नवरात्र मेला शुरू हो गया है। मेले में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गये हैं।

*मां विन्ध्यवासिनी की जय–जयकारों के बीच प्रसिद्ध शक्तिपीठ विन्ध्याचल मे शारदीय नवरात्र मेला प्रारंभ हो चुका है। नवरात्र तक भक्त माँ विंध्यवासिनी का दर्शन 20 घंटे कर सकेंगे। माँ की चारों आरती के लिये मंदिर के कपाट एक एक घंटे के लिये बंद रहेंगें। मंगला आरती का समय भोर मे 3 से 4 बजे तक निर्धारित है। राजश्री आरती का समय दोपहर 12 से 1 बजे तक शाम की आरती 7 से 8 बजे के बीच होगी। बड़ी आरती का समय रात्रि 9. 30 से 10. 30 बजे तक निर्धारित है। माँ विंध्यवासिनी मंदिर के गर्भ गृह के प्रवेश पर प्रतिबन्ध लगाया गया है। एस0एम0 सबा, आकाशवाणी समाचार, मिर्जापुर।*

बलरामपुर के देवी पाटन शक्तिपीठ समेत वाराणसी और अयोध्या के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।

गोरखपुर में मां तरकुलहा देवी मंदिर और महराजगंज के लेहड़ा देवी मंदिर में भी ब्रम्ह मुहूर्त से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुसुम्ही जंगल स्थित बुढ़िया माई मंदिर में दर्शन पूजन किया।

दूसरी ओर प्रदेश भर में जगह जगह दुर्गा पंडालों की भव्य सजावट की जा रही है। पंडालों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला भी शुरू हो गया है।

*लखनऊ में मां दुर्गा के पूजा पंडालों में भगवान श्रीराम के भी दर्शन हो रहे है। कहीं पर राम दरबार सजा है, तो कहीं पर रामलीला के प्रसंग देखने को मिल रहे हैं। जानकीपुरम स्थित सहारा स्टेट में पूजा पंडाल को अयोध्या के भव्य श्रीराम मंदिर की तर्ज पर तैयार किया गया है। पश्चिम बंगाल से आए कारीगरों ने पंडाल के साथ–साथ मूर्ति भी तैयार की है। लाटूश रोड पर बने पंडाल में रामायण के प्रसंग दिख रहे हैं। यहां स्वागत द्वार अयोध्या के श्रीराम मंदिर में बने द्वार की तरह तैयार किया गया है। गुरु गोविंद सिंह मार्ग पर मॉडल हाउस का पंडाल वेटिकन सिटी की तर्ज पर तैयार किया गया है। मुमताज़ अली आकाशवाणी समाचार लखनऊ।*

---

अयोध्या में आज से फिल्मी सितारों से सजी रामलीला शुरू हो गई है। इस रामलीला में बॉलीवुड के 42 से ज्यादा कलाकार भाग ले रहे हैं। रामलीला का मंचन सरयू नदी के किनारे श्रीराम आडिटोरियम में किया जा रहा है। इस रामलीला में माता सीता की भूमिका मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 रिया सिंघा निभा रही हैं, वहीं सांसद मनोज तिवारी बाली और सांसद रविकिशन सुग्रीव की भूमिका निभा रहे हैं।

*रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार अयोध्या में फिल्मी हस्तियों की रामलीला हो रही है। इस वर्ष फिल्मी सितारों से सजी रामलीला देखने को लिए दर्शकों में अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा है। इस रामलीला में कई फिल्मी कलाकार अहम किरदारों में नज़र आ रहे हैं। पद्मश्री मालिनी अवस्थी माता शबरी की भूमिका निभा रही हैं तो भगवान शंकर की भूमिका में बिंदु दारा सिंह नज़र आ रहे हैं। रज़ा मुराद को इस रामलीला में केवट*

*की भूमिका में देखा जा सकता है। रामलीला में बीच–बीच में जयश्री राम का उद्‌घोष वातावरण को भक्तिमय बना रहा है, तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।*

———————

प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग महाकुंभ 2025 से पहले प्रयागराज में डिजिटल कुंभ म्यूजियम बनाने की तैयारी में है। इस म्यूज़ियम में कुंभ, महाकुंभ के साथ ही अन्य धार्मिक स्थलों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

*श्रद्धालुओं को विशेष अनुभव देने के लिए म्यूजियम में 14 रत्नों वाली एक गैलरी बनाई जाएगी जिसमें समुद्र मंथन के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि म्यूज़ियम के निर्माण केलिए सरकार ने 21.38 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं, जिसमें से छह करोड़ रुपए जारीकिए जा चुके हैं। इस संग्रहालय का आकार 10,000 वर्ग मीटर होगा। एक बार में 2000 से 2500 दर्शक इसका आनंद ले सकेंगे। आकाशवाणी लखनऊ समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

———————